हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 24 घंटे के भीतर चार सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत, दो गंभीर




## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स सख्त सतत निगरानी के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की, जो समय-सीमा की बैठक के पश्चात संपन्न हुई। बैठक में मुख्य एवं गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान विभागवार प्रगति का आंकलन करते हुए कमियों को दूर करने और कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिल में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 तक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में आदिवासी विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक और कैरियर भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर (आदिवासी विकास) कार्यालय द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित निजी आवासीय शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क अध्ययन के लिए विद्यार्थियों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देना है। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर उनकी पढ़ाई का संपूर्ण खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा।

### बिजुरी स्टेशन पर शुरू हुई निःशुल्क प्याऊ सेवा

**बिजुरी।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनूपपुर जिले के बिजुरी रेलवे स्टेशन परिसर में निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों और राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समस्या अक्सर सामने आती है। ऐसे में संस्था की यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। प्याऊ स्थल पर मटकों में ठंडा और स्वच्छ पानी रखा गया है, साथ ही समय-समय पर पानी भरने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि समाजसेवा के संकल्प के साथ प्रतिवर्ष इस प्रकार की सेवा गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उनका उद्देश्य केवल पानी पिलाना ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच सेवा, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

### भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**बिजुरी।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर बिजुरी मंडल के विभिन्न बूथों और कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी का ध्वज फहराया और भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक देवानी मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

### 10 हजार लोग पानी को तरसे, 15 दिन में समाधान का वादा

# जल संकट पर सड़क जामः गोदरीपारा में उग्र प्रदर्शन





सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते वार्डवासी व महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में गहराते जल संकट ने मंगलवार को उग्र रूप ले लिया। गोदरीपारा बड़ी बाजार मुख्य मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पानी हमारा अधिकार है के नारों के बीच महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। एकता नगर में नगर निगम के सात पार्षदों के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में लोगों का गुस्सा साफ झलक रहा था।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में बीते कई दिनों से पानी की भारी किल्लत है। पाइपलाइन बिछने के बावजूद नियमित जल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, जिससे लोग पानी खरीदने या दूर से लाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी सरोज खटीक ने बताया कि कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा, वहीं सविता सिंह ने कहा कि सप्ताह में एक बार भी सही तरीके से पानी नहीं मिलता और जब आता है तो महज 10-15 मिनट के लिए। नीली पाल ने कहा कि इस संकट का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पार्षद राहुल भाई पटेल के अनुसार वार्ड 26, 27, 30, 31, 32, 33 और 34 के करीब 10 हजार से अधिक लोग लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। पार्षद शनि चौहथा ने आरोप लगाया कि नगर निगम और एसईसीएल अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं दे पाए हैं, जिसके कारण लोग टैंकरों पर निर्भर हैं और कई जगह 8-9 दिनों में एक बार बेहद कम दबाव से पानी मिल रहा है। घंटों चले चक्का जाम के बाद प्रशासन हरकत में आया। तहसीलदार समीर शर्मा की मौजूदगी में पीएचई, नगर निगम और एसईसीएल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। वार्ड 31 की पार्षद संध्या सोनवानी ने बताया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन जल आपूर्ति और समय बढ़ाने पर सहमति बनी है, साथ ही लंबित पाइपलाइन कार्य जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन अभियंता बसंत जायसवाल ने बताया कि बड़ी बाजार ओवरहेड टैंक से जल आपूर्ति को लेकर विवाद सुलझा लिया गया है और अतिरिक्त लाइन जोड़कर सप्लाई सुचारू की जाएगी। उन्होंने 15 दिनों के भीतर व्यवस्था सुधारने का भरोसा दिलाया। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि तय समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।



मौके पर उपस्थित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

### घटना कारित वाहन में पशु तस्करी का अंदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के विकासखंड सोनहत के वनांचल क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नया मोड़ ले लिया है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीपानी बस्ती से लगभग 1 किमी दूर मुख्य सोनहत-रामगढ़ मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक एमपी 66 एच 1487 ने पैदल जा रहे अजमेर सिंह और उसके भाई महिपाल सिंह को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अजमेर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल महिपाल सिंह का इलाज जारी है। घटना के बाद वाहन को लेकर कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। सूत्रों के अनुसार उक्त वाहन पिछले 15 दिनों से उग्यांव क्षेत्र में सक्रिय था और उसमें गोबर व पशु चारा पाया गया, इससे आशंका जताई जा रही है कि वाहन का उपयोग पशु तस्करी में किया जा रहा था। जानकारी यह भी मिली है कि उग्यांव क्षेत्र को पशु तस्करी का मुख्य केन्द्र माना जा रहा है, जहां से छतरंग बायपास मार्ग होते हुए मध्यप्रदेश की सीमा तक अवैध परिवहन लंबे समय से संचालित हो रहा है। पार्क के आरओ/आर एस टुंडे ने भी वाहन के उग्यांव क्षेत्र में लगातार देखे जाने की पुष्टि की है। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सोनहत द्वारा संबंधित गांवों में दबिश दी जा रही है और पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हादसा मात्र दुर्घटना है या इसके पीछे कोई संगठित अवैध गतिविधि जुड़ी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



थाने में जब्त वाहन।

# चावल तिहार बना सुशासन का प्रतीक



**मनेन्द्रगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय प्रशासन और सतर्कता समितियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित नरेन्द्र स्वामी महिला बचत समूह की राशन दुकान में चावल तिहार का सफल और सुव्यवस्थित संचालन इसका उदाहरण है। यहां शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। राशन वितरण की निगरानी में स्थानीय सतर्कता समिति की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रही है। समिति में शामिल नीलू जायसवाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, भूपेन्द्र फुल्ण, सत्यनारायण अग्रवाल, सतीश उपाध्याय, अनुपमा निशी, शकुंतला जायसवाल, शेषनाथ गुप्ता, अशोक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अरूण ताम्रकार, बुरहानुद्दीन बोहरा, अनुराग जैन और परमानंद सिंह जैसे जिम्मेदार नागरिक सक्रिय रूप से व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं, इनके संयुक्त प्रयासों से यह सुनिश्चित हो रहा है कि राशन दुकान क्रमांक 531002014 से मिलने वाला अनाज सही मात्रा में और सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी ने इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया है। लोगों की सहभागिता से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि वितरण प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है, इससे हितग्राहियों में विश्वास बढ़ा है और शासन की योजनाओं के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का कहना है कि प्रशासन और जागरूक नागरिकों की साझेदारी से ही चावल तिहार जैसे अभियान सफल हो सकते हैं।

■ शासन की योजनाओं के प्रति सकारात्मक माहौल

### ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान पर बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जिले में ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान को गति देने के लिए कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धार्मिक स्थलों, निजी संग्रहों, शैक्षणिक संस्थानों एवं पुस्तकालयों में संरक्षित पाण्डुलिपियों का सुनियोजित सर्वेक्षण कर उनका डेटा संकलित किया जाए। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान यह जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रमुखों के माध्यम से निभाई जाएगी।

# हिन्द विद्यालय में प्रवेशोत्सवः नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पहला दिन उत्साह, उमंग और खुशी के माहौल में प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया गया।

विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और रंग-बिरंगी सजावट से जीवंत नजर आया। नए सत्र के पहले दिन स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों और मिठाइयों के साथ स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्सुकता साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों में भी नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा के महत्व से अवगत कराया, जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति अपनापन और आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मन से स्कूल का डर दूर कर उन्हें एक सकारात्मक और आनंददायक वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे पूरे वर्ष उत्साहपूर्वक पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। प्राचार्य शशिभूषण राय ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमितता और मेहनत को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने कविता पाठ एवं छोटे-छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड में 25 स्वर्ण पदक

**मनेन्द्रगढ़।** ज्ञान और प्रतिभा के संगम स्थल, सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने एक बार पुनः अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन किया है।

■ दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 116 मेधावी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें से 25 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में समर्थ द्विवेदी, अक्षिका केशरवानी, वंशिका साहू, शिवांश पंडित, आयांतिका सिंह, मोहम्मद नुमान, रिशान सर्राफ, जयराज सर्राफ, पूर्विका गुप्ता, आरव, रिधम अग्रवाल, अरनव सेन, काश्वी अग्रवाल, आराध्या यादव, रेयांश पोद्दार, ⏭ शेष पेज 4 पर

# शराब के नशे में पढ़ाने पहुंचे शिक्षक की मेडिकल जांच में हुई पुष्टि

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां प्राथमिक शाला में पदस्थ दो शिक्षक शराब के नशे में पाए गए। मामले की जांच के बाद प्रशासन ने विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है, जिसके आधार पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर के मौखिक निर्देश पर 7 अप्रैल को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के तहसील केल्हारी अंतर्गत प्राथमिक शाला बाला में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक पारसराम वर्मा एवं सहायक शिक्षक महेलाल सिंह संदिग्ध अवस्था में पाए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों शिक्षकों के व्यवहार में असामान्यता देखी गई, जिसके बाद मौके पर पंचनामा तैयार किया गया तथा दोनों के बयान दर्ज किए गए। पूछताछ में दोनों शिक्षकों ने शराब सेवन करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि वे नियमित रूप से ⏭ शेष पेज 4 पर

### जांच में जुटी कोरिया समेत आसपास के जिलों की पुलिस

# आंबा कार्यकर्ता के अपहरण की खबर से हरकत में आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के चेर में मंगलवार को दोपहर के समय दिनदहाडे कार सवार युवकों ने ड्यूटी से लौट रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कथित तौर पर अपहरण कर कार में बैठाकर बिलासपुर की ओर ले गए।

इस घटना की जानकारी कोरिया पुलिस को महिला के पति द्वारा दिए जाने पर पुलिस की टीम हरकत में आई और सघन प्रारंभिक जांच पड़ताल में जुट गई है। शुरुआती दौर में पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह अपहरण जैसी कोई बात नहीं बल्कि इस घटना के पीछे अन्य कारण हो सकते हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 8 चेर निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा प्रजापति पति अशोक प्रजापति उम्र 40 वर्ष मंगलवार को अपने केन्द्र में ⏭ शेष पेज 4 पर




### लोगों में दहशत

शहर से लगे चेर में दिन दहाड़े महिला को कार सवार अज्ञात लोगों द्वारा जबरन बैठाकर ले जाने की खबर शहर में आग की तरह चेर सहित शहर क्षेत्र में फैल गई। इस घटना को सुनकर लोगों में दहशत भर गया। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### खोजबीन जारी है

हमारी शुरुआती जांच कार्रवाई में यह बात सामने आई है कि महिला बिरेन्द्र बसोर नामक व्यक्ति के साथ है, इसके खोजबीन के लिए पूरी टीम जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में कार से महिला को चोटिया की तरफ ले जाया गया है। एफआईआर की कार्रवाई जारी है। हम सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच पड़ताल कर रहे हैं, शीघ्र पूरे मामले का खुलासा करेंगे।

-राजेश तिवारी, प्रभारी सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर

### तेजी से भाग निकले आरोपी

मिली जानकारी के अनुसार जब दोपहर के समय घर लौट रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कार सवार युवकों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कार में बैठाने के बाद तेजी से चोटिया होते हुए बिलासपुर की ओर भाग निकले। इस दौरान क्षेत्र के कुछ लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने में सफल रहे।


WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur



# अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

लाइफ Style



# सारा
## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।

हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज़ करने के बाद, अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज़ में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

**लॉस एंजिल्स।** 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



# शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और ज़िंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताक़त की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफ़र एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मक़सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इक़बाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी ज़िंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई ज़िंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख़्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज़्यादा अपनाता है। यह सफ़र उसे ज़िंदगी और इलाज दोनों को नए नज़रिए से देखने की ताक़त देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में



कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।

# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी। पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।



# 83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

## दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज
# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*__नई दिल्ली।__ सिनेमाघरों में इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हें घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*

**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रैश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रैश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स-मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

## खबर संक्षेप

### सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट 10 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 10 से 13 अप्रैल तक सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 10 राज्यों के 250 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें करीब 90 फीडे रेटेड खिलाड़ी शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के शीर्ष 5 बोर्डों पर डीजीटी बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट वैश्विक प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा ताकि देश-विदेश के दर्शक भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद ले सकें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंटरनेशनल गणित ...

अर्पित पटेल, श्रव्या साहू, कवित्त गुप्ता, कनिष्का सर्राफ, अंतरा थावरानी, आरना अग्रवाल, मोहम्मद अब्दुल्ला, शानवी केशरवानी, कृष्णा गुप्ता एवं अर्चित दुजानिया शामिल रहे। इस सफलता ने न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयां प्रदान की हैं, बल्कि विद्यालय के उच्च स्तरीय शिक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को भी प्रमाणित किया है। कठिन गणितीय समस्याओं को सरलता एवं तार्किक दृष्टिकोण से हल कर विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। इस पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी निरंतर साधना, अथक परिश्रम एवं गणित विषय के प्रति गहरी रुचि का प्रतिफल है।

### शराब के नशे में ...

सुबह एवं शाम शराब का सेवन करते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों शिक्षकों को तत्काल पुलिस वाहन से सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण (मुलाहिजा) में भी शराब सेवन की पुष्टि हुई। इस पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट, पंचनामा एवं संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रतियां कलेक्टर को प्रस्तुत कर दी गई हैं। प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### आंबा कार्यकर्ता के...

ड्यूटी पूरा करने के उपरांत अपने घर दोपहर के समय आंगनबाड़ी केन्द्र से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक कार आकर रूकी और महिला को अपनी कार में बैठाकर भाग निकले। घटना की जानकारी महिला के पति को मिलने पर तत्काल मामले की शिकायत सिटी कोतवाली को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल हरकत में आई और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को अपहरण जैसा मामला नहीं लगा बल्कि इसके पीछे की दूसरी कहानी है। पुलिस आरोपियों जल्द पकड़ने का दावा कर रही है।

प्रो.क्र.-184/26
पेशी दिनांक-10/4/26
न्यायालय-श्रीमान् व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी चिरमिरी, जिला-कोरिया (छ.ग.)
उ.प्र.क्र. 04/2025
दिनांक 12/03/2026
देवांग पटेल.... आवेदक
प्रति, 1- शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-चिरमिरी, जिला- एम.सी.बी. (छ.ग.) 2- शाखा प्रबन्धक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बड़ाबाजार, शाखा-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) 3- सर्वसाधारण ... अनावेदकगण

ईश्तहार

आवेदक के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है, आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र में निवेदन किया गया है कि आवेदक के चाचा स्व. दीपक कुमार पटेल आ. मावजी भाई पटेल की मृत्यु दिनांक 25.10. 2022 को बड़ाबाजार चिरमिरी जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) में एवं स्व. श्रीमती बालूवेन पटेल की मृत्यु दिनांक 26.12.2016 को बड़ाबाजार चिरमिरी जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) में हो गई है। स्व. दीपक कुमार पटेल के नाम से शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक शाखा-चिरमिरी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. चिरमिरी कार्यालय में कुल जमा राशि 12,68,484.00/- (बारह लाख अठसठ हजार चार सौ चौरासी) रूपये को आवेदक प्राप्त करने हेतु जो कि स्व. दीपक कुमार पटेल एवं स्व. श्रीमती बालूवेन पटेल की भतीजा/नाती है आवेदक प्राप्त कर सके इस हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस ईश्तहार के जरिए आमजनों को सूचित किया जाता है कि स्व. दीपक कुमार पटेल एवं स्व. श्रीमती बालूवेन पटेल का कोई अन्य उत्तराधिकारी हो या उक्त राशि को प्राप्त करने की पात्रता रखता हो तो वह पेशी दिनांक 10/04/2026 को अथवा इसके पूर्व अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे समस्त तथ्यों की जानकारी हो के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आप की अनुपस्थिति में नियमानुसार आवेदक के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जावेगा। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तब आगामी सुनवाई तिथि को प्रकरण लिया जावेगा। अतः आज दिनांक 12/03/2026 को इस न्यायालय की सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी
चिरमिरी, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## सकालो जंगल में दम्पति व बेटे की मौत, ऑटो सवार दोस्तों को पिकअप ने मारी टक्कर

# 24 घंटे के भीतर चार सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बेटे से मिलने कोरबा गए थे माता-पिता, छोड़ने आया था पुत्र

सरगुजा में रविवार और सोमवार का दिन हादसों के नाम रहा। पिछले 24 घंटे के अंदर हुई चार भीषण सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई। ए न ए च 130 पर स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत के बाद मणिपुर थाना के समीप पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। इसके साथ ही शहर से लगे सकालो जंगल में ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और पुत्र की मौत हो गई। वहीं सोमवार की देर शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। इन हादसों के बाद कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस सभी घटनाओं की जांच कर रही है।

बता दें कि रविवार की देर शाम एनएच 130 पर भिट्ठी कला में बाजार के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से पैदल चल रही तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। इसके साथ ही बीती रात 10 बजे ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिलासपुर चौक मठपारा निवासी विशाल हलवाई आ. सुदामा साव की ऑटो है। रविवार की रात विशाल अपने दोस्त 20 वर्षीय बादल नगेसिया आ. अनिल नगेसिया के साथ ऑटो से सवारी छोड़ने के लिए बिलासपुर रोड में गया हुआ था। सवार छोड़कर वापस लौटते समय मणिपुर थाना के समीप ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्व वाहन चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक ऑटो में ही फंस गये थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो को सीधा कर फंसे हुए युवकों को बाहर निकाला लेकिन इस हादसे में बादल नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि विशाल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़ व क्षतिग्रस्त वाहन।

### ट्रक की टक्कर से पति पत्नी और बेटे की मौत

सड़क हादसे के सिलसिले में सोमवार को शहर से लगे सकालो जंगल में दम्पति और पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजपुर दौरा निवासी 25 वर्षीय राहुल टोप्पो और उसके साथी सोनू केरकेट्टा को एसईसीएल में जमीन के एवज में कोरबा में नौकरी मिली है। दोनों युवक कोरबा में रहकर एसईसीएल में काम करते है। एक सप्ताह पूर्व राहुल के माता-पिता उससे मिलने के लिए कोरबा गए हुए थे और उसके बाद सभी वापस लौट रहे थे। इस दौरान कार को सोनू केरकेट्टा चला रहा था। सुबह 5 बजे के करीब जब कार सवार लोग शहर से लगे गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सकालो पहुंचे तो प्रतापपुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में परिवार के सदस्य वाहन में ही फंस गये। भीषण सड़क हादसे में राजपुर दौरा निवासी 52 वर्षीय केईलाराम टोप्पो, 50 वर्षीया मानीमती टोप्पो और उसके पुत्र 25 वर्षीय राहुल टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस ने शवों को अस्पताल भेजने के साथ ही कार चालक सोनू केरकेट्टा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### बाइक सवार युवक की मौत, नहीं हुई पहचान



सोमवार की शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि देर शाम पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मृतक व घायल को उठाकर अस्पताल भेजा। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका है लेकिन तेज रफ्तार के कारण हादसा होने की बात कही जा रही है। वहीं मृतक की पहचान हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे है।

### सड़क दुर्घटना में प्रधान पाठक की मौत, तीन घायल



**रामानुजगंज।** क्षेत्र के ग्राम चिनिया में सोमवार को अपराह्न लगभग 3.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोड़ के पास दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में एक प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलवाही नवापारा में पदस्थ प्रधान पाठक दयाशंकर सिंह मरकाम अपने साथी अनिल मरकाम के साथ बैंक कार्य से रामानुजगंज आ रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से संतोषी नगर पिपराही निवासी दो युवक बाइक से आ रहे थे तथा मोड़ के पास दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दयाशंकर सिंह मरकाम की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके साथी अनिल मरकाम घायल हो गए वहीं दूसरी बाइक पर सवार संतोषी नगर पिपराही निवासी विक्रम (18वर्ष) और सूरज मंडल (18वर्ष), पिता मृत्युंजय मंडल भी घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गया, जहां डॉक्टर सकेंद्र गुप्ता द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोनों युवक बलरामपुर महिंद्रा शोरूम में कार्य करते हैं।

# न्यू लाइफ नर्सिंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ द्वारा घोषित थीम स्वास्थ्य के लिए एक साथ, विज्ञान के साथ पर कार्यक्रम आधारित रहा। कार्यक्रम का संचालन बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने किया। छात्रों ने स्लाईड प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रदर्शन एवं नाटक के माध्यम से विज्ञान पर आधारित स्वास्थ्य जानकारी का महत्व बताया। नाटक प्रदर्शन में प्रथम सेमेस्टर की छात्र-छात्राएं ईशा, सुनैना, जगलेश्वर, सुप्रिया, जूही, अंकिता, रीना, नैंसी, गीतांजलि, प्रिया, पोस्टर प्रदर्शन में नैंसी, ज्योति, आरती, प्रियंका एवं स्लाइड प्रदर्शन में संध्या, आंचल तथा मंच का संचालन काव्या, आभा ने किया। सभी छात्राओं ने अपनी कतव्यों को निभाते हुए लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार, पर्यावरण सुरक्षा और अफवाहों से बचने का संदेश दिया। छात्रों ने एक स्वास्थ्य की आवधारणा समझायी कि मनुष्य जानवर और पर्यावरण की सेहत एक दूसरे से जुड़ी है। नर्सिंग महाविद्यालय के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल ने एक स्वस्थ्य जीवन के लिए विज्ञान की भूमिका को बताया साथ ही प्राचार्य ने कहा कि नर्सिंग के छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे समाज में वैज्ञानिक सोच फैलाएं कोरोना जैसे महामारी में विज्ञान ने ही हमें बचाया, आज भी स्वास्थ्य का आधार विज्ञान ही है। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग ट्यूटर शीतल साहू के द्वारा संस्था प्रबंधन के निर्देशानुसार प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया।

# क्यू आर कोड से मिली योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मंगलवार को आवास दिवस सह रोजगार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के 17 ग्राम पंचायतों में नवा तरिया-आय के जरिया पहल के तहत नए तालाबों के लिए स्थल चयन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं और ग्रामीणों के लिए आय के नए स्त्रोत तैयार करना है। तकनीकी सहयोग से क्लार्ट ऐप के माध्यम से उपयुक्त स्थानों की पहचान की गई। अब ग्राम पंचायतों और अमृत सरोवर स्थलों पर लगे क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीण आसानी से मनरेगा कार्यों, मजदूरों के अधिकारों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस तकनीकी पहल से पारदर्शिता बढ़ी है और ग्रामीणों में जागरूकता आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को अपने आवास जल्द पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही भुगतान, बैंकिंग और अन्य समस्याओं का मौके पर समाधान कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। रोजगार दिवस के अवसर पर 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले श्रमिकों को ग्राम पंचायतों में सम्मानित किया गया।

# सरकारी मदद और खुद के जज्बे से आई खुशहाली

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं आज सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से ग्राम्य जीवन में एक नई रोशनी आई है। इसी बदलाव की जीवंत मिसाल हैं ग्राम पंचायत बोड़ार के पारसलाल, जिनकी मेहनत और सकारात्मक सोच ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव की दिशा बदल दी है। ग्राम पंचायत बोड़ार निवासी पारसलाल ने योजना का लाभ लेकर अपने पक्के घर का निर्माण समय पर पूरा किया, लेकिन उनकी कहानी यहीं नहीं रूकी, उन्होंने अपने अनुभव को गांव के अन्य लोगों तक पहुंचाया और उन्हें भी अपने घर बनाने के लिए प्रेरित किया। आज वे पूरे गांव में एक सकारात्मक बदलाव के सूत्रधार बन चुके हैं। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले इस गांव में वर्ष 2024-25 के दौरान अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला। पहले जहां योजनाओं के प्रति जागरूकता और उत्साह कम था, वहीं अब पारसलाल की प्रेरणा से लोग तेजी से पक्के आवास बना रहे हैं और अपने जीवन को बेहतर बना रहे हैं।

# कॉलेज में 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 9 फरवरी से 6 अप्रैल तक प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के कुशल निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय की 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिले के आत्मरक्षा विशेषज्ञ संसई कुमार गौरव, आकाश, खुशबू, रितेश्री एवं छात्रा शांति ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व, सतर्कता, संतुलन, सही मुद्रा, हाथ पकड़ने से बचाव तथा वास्तविक जीवन में उपयोगी तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को वार्मअप, स्टेचिंग, पंच तकनीक, दूरी बनाए रखने, पकड़ से छुड़ाने, कोहनी से प्रहार, बाल पकड़ने एवं पीछे से हमले से बचाव जैसी कई महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही बैग, पेन, मोबाइल जैसे दैनिक उपयोग की वस्तुओं से आत्मरक्षा, जमीन पर गिरने की स्थिति में बचाव, गला दबाने व धक्का देने से बचने की तकनीक तथा त्वरित प्रतिक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में छात्राओं ने सीखी गई तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसकी प्रशिक्षकों ने सराहना की। समापन अवसर पर संसई कुमार गौरव एवं उनकी टीम ने छात्राओं का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय परिवार ने इस प्रशिक्षण को छात्राओं के आत्मविश्वास, साहस एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अंत में प्राचार्य डॉ. कच्छप ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# केबी पटेल कॉलेज नागपुर में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केबी पटेल कॉलेज नागपुर रोड सरभोका एमसीबी द्वारा भारतीय रेडक्रास सोसायटी एमसीबी एवं जिला चिकित्सालय एमसीबी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इसमें आस-पास के ग्रामीणों एवं महाविद्यालय के नर्सिंग एवं बीएड शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टॉफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन से लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारीक ने रक्तदान किए हुए जन मानस का आभार प्रकट किया साथ ही बताया कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहे हैं एवं भविष्य में होते रहेंगे। कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर राजेन्द्र रॉय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### बेमौसम बारिश से सामान्य से नीचे पहुंचा पारा

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चार दिनों से मौसम में व्यापक बदलाव आया है तथा आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही लगातार आंधी के साथ कहीं-कहीं बेमौसम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ की सक्रियता से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने एवं गरज-चमक एवं तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि दो पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर पश्चिम, मध्य एवं पूर्वी भारत के राज्यों में तेज रफ्तार आंधी चलने के साथ ही कहीं ओले गिरने एवं बौछारें पड़ने की संभावना है।

आम सूचना

इस ईश्तहार के जरिए सूचित करता हूं कि श्री राखोहरि मजुमदार आ. स्व. मृत्युंजय मजुमदार उम्र करीब 59 वर्ष जाति-कायस्थ निवासी-क्वा. SB 6/11 जी.एम. काम्पलेक्स, मालवीय नगर, थाना-पोंडी व तहसील-चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर (छ.ग.) का दिनांक 15.02.2026 को सायं 5 बजे से 5.30 बजे के करीब नगरपालिक निगम चिरमिरी के पास लैपटॉप सहित लैपटाप बैग में दस्तावेज रखकर दस्तोवज की फोटोकापी कराने के लिए गया था कि जी.एम. काम्पलेक्स से नगरपालिक निगम चिरमिरी के बीच कही लैपटॉप बैग सहित गिर गया है, जिसमे स्व. श्रीमती शोभारानी मजुमदार पत्नि मृत्युंजय दास जाति-कायस्थ के नाम से स्थित ग्राम-भूड़िया, अंचल-सन्हौला, मौजा-महियामा, जिला-भागलपुर (बिहार) के खाता 211 के खसरा नं. 66 रकवा 56.5, खसरा नं. 81 रकवा 38.5, खसरा नं. 91 रकवा 48, डिसमिल एवं ग्राम-भूड़िया, अनुमंडल कहलगांव, अंचल-सन्हौला, मौजा-भुड़िया महियामा, जिला-भागलपुर (बिहार) के खाता 291 के खसरा नं. 561 रकवा 2 एकड़ 5 डिसमिल, भूमि की मूल रजिस्ट्री कही गुम हो गई है जो काफी खोजबीन के बाद भी प्राप्त नही हुई है, जिसकी गुम सूचना थाना पोंडी में दर्ज करा दी गई है। यदि उक्त मूल दस्तावेज सहित लैपटाप किसी को प्राप्त होता है तो वह मोबाईल नं. 9685943608 में सूचना दे सकता है। इस ईश्तहार के जरिए गुम हुए मूल दस्तावेज की सत्यापित प्रति प्राप्त करने का अधिकारी श्री राखोहरि मजुमदार होगा, तथा लैपटाप में कई प्रकार के गोपनीय दस्तावेज संग्रहित है यदि उसका कोई दुरूपयोग करता है या दस्तावेज से छेड़छाड़ करता है तो उसका जिम्मेदार दुरूपयोग करने वाला होगा।

सूचनाकर्ता
राखोहरि मजुमदार आ. स्व. मृत्युंजय मजुमदार
निवासी-जी.एम. काम्पलेक्स,
मालवीय नगर थाना-पोंड़ी तहसील-चिरमिरी,
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9424264824

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त